क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 18.12.2019 को अपराह्न 4.15 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य और अधिष्ठाता (शिक्षण)
3. प्रो. रीतांजलि दाश, अध्यक्ष ,सा .वि.मा. शि. विभाग
4. प्रो. गौरम्मा आई.पी.अध्यक्ष, सा.वि.मा.शि. विभाग और वार्डन, गोपबंधु छारावस
5. सुश्री शम्पा दास, ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
6. डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
7. प्रभारी,प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
8. श्रीमती उषा कपूर, प्रशासनिक अधिकारी
9. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
10. श्री आर.के. नायक, अनुभाग अधिकारी(परिसर एवं कल्याण)
11. श्री प्रदीप कुमार बेहरा, भंडार अधिकारी
12. श्री जितेन्द्र सतपथी, अवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 24.09.2019 को आयोजित 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों को भेज दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि पूर्व बैठक(24.09.2019) के प्रस्ताव के अनुरूप संस्थान और प्रायोगिक बहु उद्देशीय विद्यालय के शैक्षिक कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)ने सूचित किया सदस्यों ने कहा कि पिछली बैठकों के प्रस्ताव के अनुरूप चारों विभागों के साइन बोर्ड को त्रिभाषी बनाया जाना अपेक्षित है ।श्री आर.के. नायक ने सदस्यों को सूचित किया कि साइन बोर्ड ,मार्गदर्शक संकेत चिह्न को द्विभाषी / त्रिभाषी बनाने कि प्रक्रिया चल रही है । इसके अतिरिक्त गेट सं. 1 और 3 में और प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने हेतु स्टील फ्रेम लगाना ज़रूरी है । बैठक में यह प्रस्ताव हुआ कि गेट सं. 1 और 3 के सामने मार्गदर्शक संकेत चिह्न लगाया जाए और इसके लिए बी एम सी से अपेक्षित अनुमति प्राप्त की जाए ।

(क्रु. प. उ.

प्रो.प्रकाशचंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष ने कहा कि 'डिस्प्ले स्क्रीन' पर प्रतिदिन सुविचार के अलावा कर्मचारियों के जन्मदिन , उनकी प्रोन्नति , सेवा निवृत्ति जैसी महत्त्वपूर्ण बातों को प्रदर्शित किया जाए । इसके अतिरिक्त राजभाषा हिन्दी में निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक कार्य किया जाए ।

अंत में, प्रो. गौरम्मा आई. पी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को।

2.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को। 3. कार्यालय प्रति।